# मादक पदार्थों की उड़ीसा से लाकर भिंड में हो रही थी सप्लाई

## 138 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 अप्रैल।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत भिंड पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 138 किलोग्राम गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत लगभग 28 लाख रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत तैयार किए गए तीन वर्षीय रोडमैप के तहत की गई। इसके अंतर्गत सभी जिलों को मादक पदार्थों के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई**

एसपी डॉ. असित यादव एवं एएसपी संजीव पाठक के निर्देशन तथा सीएसपी निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में देहात टीआई मुकेश शाक्य को शुक्रवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रज्ञानगर कुम्हरौआ क्षेत्र में गांजा सप्लाई की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी, जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान चार बोरियों में रखे 1-1 किलो के कुल 138 पैकेट गांजा बरामद किए गए।

**उड़ीसा से लाकर स्थानीय स्तर पर करते थे सप्लाई:** प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर भिंड में सप्लाई करते थे। इसके लिए उन्होंने कुम्हरौआ क्षेत्र में एक मकान किराए पर ले रखा था, जहां मादक पदार्थ का भंडारण कर स्थानीय स्तर पर सप्लाई किया जाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूर्व में भी इसी तरीके से गांजा लाकर सप्लाई कर चुके हैं। इस बार मुखबिर की सटीक सूचना के कारण इतनी बड़ी खेप पकड़ी जा सकी।

**गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी:** पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए सप्लाई चेन, खरीददारों और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ थाना देहात में अपराध क्रमांक 233/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में ऊमरी थाना टीआई शिवप्रताप सिंह राजावत, देहात थाना टीआई मुकेश शाक्य, एसआई अतुल भदौरिया, वैभव तोमर, बलराम यादव, विजय शिवहरे, सत्यवीर सिंह सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**नशे के खिलाफ सख्त संदेश**

भिंड पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध परिवहन में 5 डंपर और उत्खनन में लगी जेसीबी जब्त

### मिट्टी व गिट्टी के अवैध खनन पर कसा शिकंजा, सभी मामलों में कलेक्टर न्यायालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा



**भिंड, 17 अप्रैल।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा पंकज ध्वज मिश्रा के मार्गदर्शन में खनिज एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विगत दिनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज मिट्टी एवं गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 5 डंपर वाहनों को जब्त किया है।

इन सभी जब्त वाहनों को पुलिस थाना गोहद, झांकरी एवं मेहगांव में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। विभाग द्वारा इन वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम 2022 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**ग्राम सिलौली में जेसीबी जब्त**

इसी कार्रवाई के तहत आज खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा एवं उनकी टीम ने ग्राम सिलौली, तहसील गोरमी में अवैध खनिज मिट्टी उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके से एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। बताया गया कि उक्त जेसीबी का उपयोग बिना अनुमति खनिज मिट्टी के उत्खनन में किया जा रहा था। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को जब्त कर पुलिस थाना गोरमी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया।

**नियमों के तहत होगी सख्त कार्रवाई**

खनिज विभाग के अनुसार जब्त जेसीबी के विरुद्ध भी मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय को भेजा जाएगा, जहां से नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध खनन पर सख्ती जारी**

खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस तरह की कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना वैध अनुमति खनिज से संबंधित किसी भी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## नगरपरिषद एवं पुलिस की संयुक्त करवाई से हाट बाजार से हटवाया अतिक्रमण

**मेहगांव, 17 अप्रैल।** नगरपरिषद और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से अतिक्रमण कारियों में भय नगरपरिषद सीएमओ महेश पुरोहित ने बताया कि मेहगांव हाट बाजार मौ रोड पर आए दिन दुकानों के सामने रोड पर अतिक्रमण बढ़ रहा है जिसकी कई शिकायतें नगरपरिषद कार्यालय में आ चुकी है। नोटिस के माध्यम से मुनादी से कई बार सूचना देने पर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया आज मेहगांव पुलिस बल के साथ नगर परिषद सीएमओ महेश पुरोहित अपने दलबल के साथ हाट बाजर में दुकानों के सामने अतिक्रमण करने वालों का सामान हटवाया एवं समस्त दुकान वालों को समझाइश देते हुए कहा कि आगे से किसी ने भी रॉड पर अतिक्रमण किया तो वैधानिक कार्यबाही होगी। इस मौके पर नगर परिषद कर्मचारी इंजीनियर अनुराग गुप्ता, प्रशांत दीक्षित, कौशल शर्मा, गजराज सिंह, रामू गुर्जर और पुलिस बल साथ रहा।

## विष्णु मिश्रा ने पीएम केन्द्रीय विद्यालय से उत्तीर्ण की 10वीं परीक्षा



**मेहगांव, 17 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित होने वाली 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी छात्रों की तुलना में छात्राओं ने बाजी मारी है। इसी परीक्षा परिणाम के तहत पीएम केन्द्रीय विद्यालय भिंड से विष्णु मिश्रा पुत्र रामानन्द मिश्रा निवासी ग्राम मेहदौली तहसील गोरी मेहगांव ने अपनी लगन और निष्ठापूर्वक नियमित शिक्षा ग्रहण करते हुए इसका श्रेय विष्णु मिश्रा ने अपने गुरुजनों को दिया है, जिनके दिशा-निर्देश के तहत अपनी तैयारी की जिसके परिणामस्वरूप 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की।



## मनरेगा ई-केवाईसी में लापरवाही पर सख्ती

# 30 ग्राम पंचायतों के सचिवों का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश

### जिला पंचायत सीईओ का कड़ा रुख, 19 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी नहीं होने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 17 अप्रैल।** मनरेगा योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत भिण्ड द्वारा जिले की 30 ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों का तीन-तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा के तहत सक्रिय जॉबकार्ड धारियों की ई-केवाईसी सुनिश्चित कराने के लिए पिछले तीन माह से लगातार निर्देश दिए जा रहे थे, बावजूद इसके कई ग्राम पंचायतों में कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया।

**इन ग्राम पंचायतों में रही लापरवाही:** ग्राम खूँजा, सिकरीजागीर, पचेरा, रायपुरा, लालपुरा, बकनासा, तेजपुरा, कतरौल, कोसड, मानपुरा, महुआ, लहारा, सुहांस, छान, कचनावखुर्द, बरेई, पृथ्वीपुरा, जगनपुरा, जवासा, खेरियाजल्लू, दुल्हागन, गिंगरखी, राहलीबेहड़, बड़पुरा, बिजपुरा, छिदी, अकलोनी, परियाया, कनीपुरा एवं टीकरीपरोछा पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं कर पाए।

**प्रदेश में अंतिम स्थान पर जिला:** सीईओ ने बताया कि ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही के कारण भिण्ड जिला प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में अंतिम स्थान पर पहुंच गया है, जो चिंताजनक स्थिति है।

**वेतन कटौती के साथ सख्त चेतावनी:**

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस कार्रवाई की सूचना जिला पंचायत कार्यालय को भेजने के लिए कहा गया है।

**कल तक अंतिम मौका**

जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 19 अप्रैल तक सभी लंबित ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं। निर्धारित समयसीमा तक कार्य पूर्ण नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भी जिला पंचायत कार्यालय को भेजा जाएगा।

**प्रशासन की सख्ती से बढ़ेगी जवाबदेही**

जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन कल



**भिंड, 17 अप्रैल।** जिले में सामाजिक समरसता और कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में सराहनीय पहल के तहत आदर्श प्रजापति समाज सुधार समिति द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 19 अप्रैल, को किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के बीएसएनएल भवन के पीछे स्थित बाबा खाटू श्याम मैरिज गार्डन में आयोजित होगा।

**लगातार तीसरे वर्ष आयोजन, समाज सुधार का संदेश:** समिति के मीडिया प्रभारी रविरमन प्रजापति ने बताया कि यह आयोजन लगातार तीसरे वर्ष किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सामाजिक गरिमा और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराना है, साथ ही दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर रोक लगाना है।

**चार कन्याओं का होगा विवाह:** समिति के अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में चार जरूरतमंद कन्याओं का विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। समिति द्वारा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिंड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह शामिल होंगे।

इसके अलावा जिले के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन में भिंड के साथ-साथ मुरैना, दतिया, ग्वालियर सहित अन्य जिलों से भी प्रजापति समाज के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

**मेहगांव में आस्था का महाकुंभ**

# श्रीमद भागवत कथा, महायज्ञ व भूमिया सरकार का 20वां वार्षिक उत्सव होगा भव्य

### गांव-गांव को सौंपी गई जिम्मेदारियां, लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की तैयारी; 100 बीघा में बनेगा विशाल आयोजन स्थल



**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 अप्रैल।** मेहगांव क्षेत्र में इस वर्ष धर्म, आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यहां श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह, महायज्ञ एवं भूमिया सरकार का 20वां वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस विराट आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए पूज्य श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर हरिओमदास जी महाराज के सान्निध्य में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न गांवों से आए समाज के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**ग्रामवार बांटी गई जिम्मेदारियां**

बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ग्रामवार जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। नगर पंचायत मेहगांव को पूरी-पकवान (पूरी) परोसने का दायित्व सौंपा गया है, जबकि कुहार पिपरौली, विरगवा, कोठौंदा, सरसेड, गोगवली, इमलिया, रेका सुंदरपुरा, बरसो एवं सिलोली ग्रामों को बूंदी वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार पचेरा, बहारपुरा, बरहद, बहुआ, खेरिया बाग, डोडरी, गिंगरखी, धनौली, परावन, हीरापुरा, हरसिंहपुरा, देवरा, रवियापुरा, गितोर, हुकुम सिंह का पुरा, तारागढ़, गाता, गुदावली, ईकोरी, मानिकपुरा, राजपुरा, कथोदा, चिरौल, कतरोल, दंदरौआ सहित अनेक गांवों को सब्जी परोसने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं पदकोली, कनाथर, केरोरा, केमोखरी, गिजोरा, सिमार, अजनोंल, जारसेना, सायना, टिकरी खुर्द, कलासोन, जेठासों, रानूपुरा, खेरिया थापक, घड़ी अजनौदा, देवरी, भोपतपुरा, कनहारी, मुरौली, खेरिया किशनपुरा, मेघपुरा, जुगूपुरा, महाराजपुरा, जलाईपुरा, सोनी, मडाखेड़ा आदि ग्रामों को पत्तल-दोना व्यवस्था एवं अन्य सहयोग कार्य सौंपे गए हैं।

**100 बीघा में तैयार होगा भव्य आयोजन स्थल:** आयोजन के लिए करीब 100 बीघा भूमि में विस्तृत कथा स्थल, यज्ञशाला एवं भंडारा क्षेत्र तैयार किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं बड़े स्तर पर की जा रही हैं।

**सामूहिक सहयोग से बनेगा आयोजन सफल:** पूज्य महामंडलेश्वर हरिओमदास महाराज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, यह कार्य किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। जब सभी लोग मिलकर सेवा करते हैं, तभी यज्ञ पूर्णता को प्राप्त होता है और सभी को उसका पुण्य फल मिलता है।

**सामाजिक एकता का संदेश:** आयोजन समिति द्वारा सभी ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन को अपना कर्तव्य मानकर अनुशासन, समर्पण और प्रेमभाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि समाज में एकता और सहयोग का भी संदेश देगा।


**CHANGE OF NAME**

I, **HITHERTO** known as **Suman Devi** W/O **Vinod Singh** R/o Gram Gyanpura Gyanpura Bhind Madhya Pradesh 477566 have changed my name and shall hereafter be known as **Archana Bhadouria.**

The information I provided is correct


## कलचुरी महासंघ ने राम अवतार को सौंपी जिम्मेदारी, बने चंबल संभाग अध्यक्ष व प्रभारी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 17 अप्रैल।** अखिल भारतीय कलचुरी महासंघ द्वारा समाज को चंबल संभाग में और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राम अवतार शिवहरे को संभागीय अध्यक्ष एवं प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासंघ के संस्थापक सतीश जायसवाल एवं अध्यक्ष भजनलाल राय द्वारा की गई। नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राम अवतार शिवहरे ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि कलचुरी समाज को एकजुट कर संगठन को नई मजबूती प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी।

**संगठन में अनुभव का मिलेगा लाभ:**

राम अवतार शिवहरे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं। इसके साथ ही वे पूर्व में जिला अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। महासंघ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में उनके समाज सेवा, कर्मठता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही बताया गया है कि शीघ्र ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

**समाज सेवा में सक्रिय भूमिका:**

राम अवतार शिवहरे एक सफल व्यापारी होने के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनकी इस नियुक्ति पर कई जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, सांसद संध्या राय, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, विधायक अमरीश शर्मा 'गुड्डु', पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हैं।

**संगठन को मिलेगी नई दिशा:** समाज के लोगों का मानना है कि राम अवतार शिवहरे के नेतृत्व में कलचुरी महासंघ चंबल संभाग में और अधिक सशक्त होगा तथा सामाजिक एकता, जागरूकता और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## सूर्या फाउंडेशन की पहल से छात्रों में विकसित हुए नए कौशल



**भिंड, 17 अप्रैल।** सूर्या फाउंडेशन की आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मालनपुर क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खनेता में आयोजित दस दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुकुल राय, संजय कुशवाह एवं विद्यालय के प्राचार्य अरविंद द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, चित्रकला, विज्ञान प्रयोग, सुलेख, समय पालन, अनुशासन, लोक व्यवहार, आदर्श जीवन शैली एवं योगासन जैसे विविध सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन:** समापन समारोह में बच्चों ने देशभक्ति गीत, योग प्रदर्शन, सूर्य नमस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पर्यावरण जागरूकता पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने सभी को प्रभावित किया।

**मुख्य अतिथि का संदेश:** मुख्य अतिथि मुकुल राय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में सीखी गई बातों को दैनिक जीवन में अपनाना ही वास्तविक सफलता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करने से उसका विस्तार होता है और व्यक्ति निरंतर प्रगति करता है।

कार्यक्रम के दौरान शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों: अंकिता, संध्या, नंदनी, देव एवं राज को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए जिलेभर में जागरूकता अभियान तेज

**भिंड, 17 अप्रैल।** जिले में पोषण अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर के निर्देशन में परियोजना, सेक्टर एवं आंगनवाड़ी स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ करना है। साथ ही जीवन के प्रथम 1000 दिनों को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे बच्चों के संपूर्ण विकास की मजबूत नींव रखी जा सके। कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक व्यंजन तैयार करने और उन्हें दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


# कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

Website - www.datiamedicalcollege.com
E-mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com

पता - 29 बटालियन के पास, एन.एच.-44 — जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड 475661
क्रमांक -2725/शा.चि.म./2026 — दतिया, दिनांक- 17/04/2026

## //Corrigendum//

सभी निविदाकर्ताओं. को सूचित किया जाता है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में बायोमेडिकल वेस्ट के निष्पादन हेतु जारी निविदा क्र 2026_DME_496350 हेतु विज्ञप्ति क्र. G-11113/26 जारी की गई थी, जिसमें निविदा समय सारणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| | Description Of Tender | Tender for Bio Medical Waste Management (As Previous) | Tender for Bio Medical Waste Management (As Amended) |
|---|---|---|---|
| | Online Tender No. | 2026 _DME _496350 | 2026_DME_496350 |
| 1. | Publishing Start Date | 06/04/2026 at 12 :00 PM | 21/04/2026 at 15.00 PM |
| 2. | Document Download/ Sale Start Date | 06/04/2026 at 13 :00 PM | 21/04/2026 at 15.00 PM |
| 3. | Pre Bid Meeting Date | 08/04/2026 at 13 :00 PM | 23/04/2026 at 13 :00 PM |
| 4. | Bid Submission Start Date | 08/04/2026 at 14 :00 PM | 23/04/2026 at 14 :00 PM |
| 5. | Bid Submission Closing Date | 27/04/2026 at 17 :30 PM | 11/05/2026 at 17 :30 PM |
| 6. | Bid Opening Date | 29/04/2026 at 12 :00 PM | 13/05/2026 at 12 :00 PM |

नोट :-
(1) उक्त संशोधन सभी निविदाकारों के लिए मान्य होगा।
(2) अन्य तिथि व समय यथावत रहेंगे।
(3) निविदा में किसी भी प्रकार का अन्य संशोधन आवश्यक होने पर www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
दतिया (म.प्र.)

G-11710/26